हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 17 दिसंबर 2023

नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ सुविधाओं के लिए एक्शन...



08 सांसद ने विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार वाहन...




हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना-2023
मास्टर कूपन
17 दिसम्बर 2023
कूपन नं.
8

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स डे के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नर्मदापुरम।** पेंशनर्स डे पर रविवार को भारत पेंशनर्स समाज शाखा द्वारा निशुल्क नेत्र रोग जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष प्रभात पांडे ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नपाध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव, पार्षद निर्मला हंस राय, प्रेमा पंकज पांडे तथा आशुतोष शर्मा होंगे। इस कार्यक्रम में पेंशनरों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे मंगल भवन हाउसिंग बोर्ड कालोनी में होगा।

### कार्यशाला का समापन

**नर्मदापुरम।** शनिवार को एड्स नियंत्रण पखवाड़ा के अंतर्गत इटारसी शहर में 1 से 15 दिसम्बर तक विभिन्न संस्थाओं, सरकारी एवं प्रतिष्ठानों तथा चौराहों पर समुदाय को एड्स से जन जागरुकता हेतु नुक्कड़ नाटक, सभाएं एवं रेड रिबन कार्यक्रम आयोजित किए थे। अधीक्षक डॉ आरके चौधरी की अध्यक्षता में समापन कार्यशाला आयोजित हुई।

## पहुंचा अधिकारियों का काफिला मेहराघाट, अवैध चार दुकानें तोड़ी

# अधिकारियों पर पत्थर चलाने वाले निमोदा भाइयों के घर चली जेसीबी

प्रदेश के नए मुख्यमंत्री की ताजपोशी होने के साथ ही नर्मदापुरम में उनकी कार्यप्रणाली का ट्रेलर शनिवार को देखने को मिला। जिसमें रेत माफियाओं के द्वारा प्रशासनिक कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले निमोदा भाईयों के मकान में अवैध रूप से बनाए गए चार दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



अधिकारियों पर जानलेवा हमला करने वाले रेत माफिया निमोदा भाइयों के घर शनिवार अल सुबह अधिकारियों का भारी भरकम अमला पहुंचा। जेसीबी की मदद से रेत माफिया निमोदा भाईयो के द्वारा किए गए मेहराघात के अतिक्रमण को तोड़ा गया। इस दौरान ग्रामिणों की भीड़ जमा हो गई। वहां पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस भी मुस्तैद रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने एवं मारपीट के प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार राजस्व एवं पुलिस विभाग के अमले द्वारा शनिवार सुबह आरोपी सोनू निमोदा एवं मयंक निमोदा के ग्राम मेहरघाट स्थित मकान के अवैध हिस्से को जेसीबी से ढहाया गया है। यह कार्रवाई एसडीएम नर्मदापुरम आशीष पांडे के नेतृत्व में की गई। इस दौरान एसडीओपी इटारसी महेंद्र सिंह चौहान, तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग अमला उपस्थित रहा। एसडीएम श्री पांडे ने बताया कि आरोपी दोनों भाइयों के मकान में अवैध रूप से बनाए गए चार दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की गई है।

### गुरुवार को किया था नायब तहसीलदार पर हमला, जान बचाकर भागे थे अधिकारी

तहसीलदार कीर्ति प्रधान गुरुवार को जमीन का सीमांकन का काम पूरा कर जिला मुख्यालय लोट रही थी। इस दौरान पांजराकला में उन्हें रेत से भरी ट्रॉली नजर आई। अधिकारी की गाड़ी देखकर ट्रैक्टर चालक ने ट्राली वहीं छोड़कर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया था। रेत की जब्ती के लिए तहसीलदार ने माइनिंग इंस्पेक्टर पिंकी चौहान, कृष्णा परस्ते और एक निजी चालक छुट्टी गोस्वामी को मौके पर बुलाया। जैसे ही जब्त करने के लिए ट्रैक्टर को रेत से भरी ट्रॉली से जोड़ा गया। इस दौरान निमोदा भाई वहां पहुंच गए और अधिकारियों पर पत्थर से हमला बोल दिया। जिससे छुट्टी के सिर में चोट आई। अधिकारी बमुश्किल छुट्टी को लेकर अपनी जान बचाकर जिला अस्पताल पहुंचे और उसका इलाज कराया।

## बैठक: ध्वनि विस्तारक यंत्रों की गाइडलाइन से अवगत कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शनिवार को थाना कोतवाली नर्मदापुरम में सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पराग सैनी द्वारा राज्य शासन के गृह विभाग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण अनुमत्य ध्वनि सीमा के संबंध में नर्मदापुरम शहर के सभी मैरिज गार्डन संचालको एवं डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि गृह विभाग द्वारा दिये निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण (विनियम एवं नियंत्रण) नियम 2000 के नियम के तहत अधिकतम अनुमत्य ध्वनि सीमा (डेसीबल) निर्धारित की गई है।

जिसके तहत दिन के समय में अनुमत्य सीमा औद्योगिक क्षेत्र के लिए 75 और रात्रि के समय 70, वाणिज्यिक क्षेत्र दिन के लिए 65 रात्रि में 55 तथा रहवासी क्षेत्र दिन में 55 रात्रि में 45 तथा शांत क्षेत्र दिन में 50 रात्रि में 40 डेसीबल निर्धारित कि गई है। अनुमत्य सीमा का पालन कराने के लिए शिकायत प्राप्त होने पर जांच एवं त्वरित कार्यवाही के लिए उड़नदस्ता गठित किया जाएगा।

संबंधित उड़नदस्ते द्वारा जांच एवं प्राप्त शिकायत पर जांच कर कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियम एवं नियंत्रण) नियम 2000 के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करेंगे। बैठक में तहसीलदार देवशंकर धुर्वे तथा थाना प्रभारी कोतवाली सौरभ पांडे द्वारा भी सभी को नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई तथा सभी को गृह विभाग के आदेश की प्रति प्रदान की गई।

### संगीतमयी श्रीराम कथा बाईराम आश्रम में आज से

**नर्मदापुरम।** रूद्र ब्रह्मचारी श्री तपस्वी मां जोगेश्वरी जी (बाईराम) की 20 वीं पुण्य स्मृति में एव पूज्य माताजी स्व. कमला बाई की पंचम पुण्य सहस्मृति में संगीतमयी श्री रामकथा का आयोजन 17 से 21 दिसंबर तक तपोवन आश्रम बान्द्राभान (उत्तर तट) में आयोजित होगा। इस अवसर पर भारत राष्ट्र से सम्मानित डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी द्वारा भागवत चिंतन सेवा मिशन, श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से संगीतमयी में रामकथा का अमृतपान कराया जायेगा। 21 दिसंबर को अभिषेक एव विशाल भंडारा रखा गया है। जिसमें प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहेगें।

## वेंडरों की लड़ाई में इटारसी एक बार फिर खून से रंगी, नाला मोहल्ला में युवक की हत्या

**घायल अवस्था में नाली में फेंककर भागे थे आरोपी, खून बहने से मौत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले वेंडरो के विवाद में एक बार फिर इटारसी खून से रंग गया है। नाला मोहल्ला क्षेत्र में शुक्रवार शनिवार दरमियानी रात चार बदमाशों ने मिलकर एक युवक को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्या के पीछे का कारण पुरानी रंजिश एवं त्वरित नोक झोंक रही। शहर में वेंडरों के कारण पूर्व में भी कई कत्ल हो चुके है। हालिया मामले।में नाला मोहल्ला क्षेत्र के शुभम उर्फ शिवू आसरे, नईम, टीपू सुल्तान, शेख रहीम उर्फ कोटा ने 26 वर्ष के युवक योगेश मेहरा की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। मारने के बाद आरोपियों ने योगेश को नाली में फेंक दिया जिसके पास से निकल रहे आम लोगो ने पुलिस को खबर दी।

पुलिस ने जितेन्द्र पिता हरिदास मेहरा 36 वर्ष की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया है। जानकारी के अनुसार रात करीब 10:30 से 11 बजे के बीच नाला मोहल्ला में छात्रावास के पास एक युवक नाली में पड़ा मिला था। घटना चिश्तिया आटा चक्की के पास की बतायी गयी है। किसी ने डायल-100 को सूचना दी और वहां से पुलिस को जानकारी मिली तो टीआई गौरव सिंह बुंदेला दल बल के साथ पहुंचे। युवक की जांघ में धारदार हथियार के निशान हैं और अधिक रक्त बह जाने से मौत होना माना जा रहा है।

टीआई गौरव बुंदेला के अनुसार शरीर पर और कहीं जख्मों के निशान नहीं हैं। पुलिस के पहुंचने के बाद ही युवक योगेश पिता हरिदास मेहरा 26 वर्ष को अस्पताल भेजा गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि रक्त अधिक बह जाने से उसकी मौत हुई है। वह करीब एक घंटे घायल अवस्था में नाली में पड़ा रहा था और अधिक ब्लीडिंग हो गयी। पुलिस को सूचना मिली है कि आरोपियों और योगेश का लॉक डाउन के समय से वेंडरी का कोई विवाद चल रहा था, संभवतः यह घटना उसी का परिणाम है।

साथ ही सूत्रों ने बताया कि घटना से कुछ देर पहले भी आरोपियों और मृतक के बीच विवाद हुआ था। जिसमे गाली गलौच और मारपीट तक को नौबत आ गई थी। यह विवाद इस कदर बड़ गया कि अनंतः हत्या तक पहुंच गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार सुबह 3 से 5 बजे के बीच आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया था। संभवतः आज उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस ने आधिकारिक तौर पर मामले से जुड़ी अधिक तथ्य बताने से इनकार किया है।

## संत साईं बल्लभदास से विजयपाल ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



संत साईं बल्लभ दास महाराज के सिंधी कॉलोनी ग्वालटोली के गुरूद्वारे में सत्संग के दौरान सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने आपने मित्र मंडल के साथ पहुँचकर साईं का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सत्संग में नगर के समस्त सिंधी समाज के लोग उपस्थित थे। इस दौरान पार्षद कंचन सेट्टी चौकसे, पार्षद चंद्रमोहन परिहार, पार्षद राहुल गौर, सेट्टी चौकसे, सनी दिवालिया, संजय राजपूत, गजेंद्र चौहान, राहुल ठाकुर, सोनू गौर, मजहर खान, गोपाल साहित्य, मोनू ठाकुर, धीरज रामनानी, अविनाश मूलचंदानी, कुंदन परिहार, चंदन एवं समस्त समाज की महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब और भारत विकास परिषद का स्वास्थ्य शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



रोटरी क्लब नर्मदापुरम एवं भारत विकास परिषद नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वाधान में प्रकाश मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें भोपाल से पधारे कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ योगेश्वर शुक्ला एवं निलेश तिवारी द्वारा कैंसर के लक्षणों के बारे में जानकारी दी गई एवं चेकअप किया गया। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुरेश भदोरिया द्वारा हृदय रोगियों को जांच की गई एवं आई स्पेशलिस्ट डॉ नीतिका तोमर एवं उनकी टीम के द्वारा 55 लोगों की आंखों की जांच की गई एवं सलाह दी गई। पेट रोग विशेषज्ञ डॉ ऋषभ जोशी द्वारा मरीज के पेट रोग संबंधी जांच की गई कैंप में सभी मिलाकर लगभग 150 लोगों को सभी बीमारी से संबंधित उपचार किया गया। रोटरी क्लब से अध्यक्ष महावीर जैन, सचिव अमन फौजदार, वरिष्ठ सदस्य सील सोनी, आशीष अग्रवाल, मनीष गुप्ता, विपिन जैन, प्रदीप गिल्ला, निवेश फौजदार, संयम जैन, विकास अग्रवाल, भारत विकास परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

## फाइनल मैच में बैतूल ने हरदा को किया 4 विकेट से पराजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की जा रही अनिल परते स्मृति अंडर-18 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच बैतूल एवं हरदा के मध्य खेला गया। फाइनल मैच में हरदा ने 8 विकेट खोकर 215 बनाए जिसके पश्चात बैतूल ने पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुऐ आयुष तिवारी के शानदार 71 रन तथा साहिल कावड़े नाबाद 53 रन की पारी की बदोलत 6 विकेट खोकर 216 बनाकर मैच जीत लिया। हरदा टीम की ओर से गेंदबाज़ी करते हुऐ अक्षत सोलंकी 3विकेट वंशराज जाट 2 विकेट लिए।इस तरह बैतूल मैं यहां मैच चार विकेट से जीत लिया और प्रतियोगिता पर अपना कब्जा किया मैच के पश्चात प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीओपी पराग सैनी एवं आरआई विजय दुबे ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए प्रतियोगिता का प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार साहिल कवडे को दिया गया। उप विजेता की ट्रॉफी हरदा टीम को एवं विजेता की ट्रॉफी बैतूल टीम को प्रदान की गई। इस अवसर पर राजेश चौरे, मनोहर बिल्थरिया, कुलभूषण मिश्रा, विष्णु बोरासी, चेतन राजपूत, मुकेश भालेकर, अमरजीत सिंह, मनीष यादव, रामकृष्ण चौरे, शैलेन्द्र सिंह पवार, आकाश चौरे एवं सभी एनडीसीए स्टाफ उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ, प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सीधे प्रसारण के माध्यम से सुना गया

# जिले की 427 ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा, नगरीय क्षेत्रों में भी होंगे कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने और आमजनों को योजनाओं से अवगत कराने के लिए जिले में 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिले की 427 ग्राम पंचायतों में संकल्प यात्रा पहुंचेगी।

शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, भाजपा नेता पीयूष शर्मा, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, महेंद्र यादव, मुकेश मैना, रोहित गौर, अमित महाला, प्रशांत दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं बढ़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहें। कार्यक्रम में सीधे प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोदन को देखा और सुना गया।

### विकास की नई गाथा लिखने के लिए देश अग्रसर : डॉ सीतासरन शर्मा

विधायक डॉ शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प यात्रा के तहत 26 जनवरी तक प्रतिदिन दो पंचायतों को कवर करते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में 10 हजार की आबादी पर प्रतिदिन कार्यक्रम होंगे। जिसमें हितग्राहीमूलक योजनाओं का हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किया जाएगा। साथ ही योजनाओं के लाभ से वंचित व्यक्तियों के आवेदन प्राप्त कर पात्रों को लाभांवित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिखी जा रही हैं। चहुओर विकास अधोसंरचन का जल बिछाया गया है। मध्यप्रदेश बीमारू राज्य से विकसित राज्य बना हैं। गरीब, किसान, यूवा ,महिलाएं सहित सभी वर्गो के कल्याण के लिए योजनाओं के सुचारू संचालन के साथ उनका विस्तार भी किया जा रहा हैं।

### अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा: विजयपाल सिंह

विधायक विजयपाल सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विकसित बनाने के साथ ही विश्व में एक नई पहचान भी दिलाई हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों को पक्का आवास हो, मातृशक्ति का सम्मान , किसानों का कल्याण हो या शिक्षा का विकास हर क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुआ हैं। केंद्र सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा हैं। विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का यह अभियान निरंतर जारी हैं और आगे भी जारी रहेगा।

### प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

विधायक डॉ शर्मा एवं विधायक विजयपाल सिंह सहित अन्य अतिथियों द्वारा उपलब्ध प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का संचालन आरती शर्मा द्वारा किया गया।

### 11 केंद्रों पर आयोजित होगी राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा जिला मुख्यालय पर टैगोर मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल नारायण नगर, केंपियन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल श्रीरामपुरम माखननगर रोड नर्मदापुरम, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल इटारसी रोड नर्मदापुरम, शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय बीटीआई रोड नर्मदापुरम, सेमीरिटर्न इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल सांदीपनि परिसर चक्कर रोड नर्मदापुरम, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय तकनीकी शिक्षा परिसर आईटीआई रोड नर्मदापुरम, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुमेरती काली मंदिर के पास मंगलवारा घाट नर्मदापुरम, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल एसपीएम हरदा रोड गेट नंबर 1, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल इतवारा बाजार नर्मदापुरम, शासकीय एस.एन.जी हायर सेकेंडरी स्कूल बस स्टैंड के पास नर्मदापुरम, शासकीय बहुउद्देशीय उत्कृष्ट विद्यालय मंगलवारा नर्मदापुरम है।

**खबर संक्षेप**

## आज विजय दिवस की 52वीं वर्षगांठ मनाएगा पूर्व सैनिक संघ

**बैतूल** पूर्व सैनिक संघ 17 दिसंबर को विजय दिवस मनाएगा। इस अवसर पर कारगिल चौक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नगर में रैली निकाली जाएगी। वहीं तरंग वाटिका में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम किये जाऐंगे। साथ ही साथ बैतूल जिले के 1971 के योद्धा, वीरों और शहीद परिवार का सम्मान भी इस दौरान किया जाएगा। कार्यक्रम में पूरे जिले के पूर्व सैनिक, पूर्व सैनिक परिवार, पूर्व सैनिक महिला संघ, सर्व समाज के अध्यक्ष सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे।

## जिला स्तरीय आदिवासी सांस्कृतिक महोत्सव आज

**बैतूल**। सर्व आदिवासी समाज द्वारा 17 दिसम्बर दिन रविवार को रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से आदिवासी सांस्कृतिक रूढि प्रथा, रिति रिवाज, परम्परागत प्रथा अनुसार जिला स्तरीय आदिवासी सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश धुर्वे से मिली जानकारी के अनुसार इस अवसर पर परम्परागत एवं संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण हेतू जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया जाएगा।


## प्रतियोगिता का आयोजन

**सीहोर**। संभाग स्तरीय ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन गत दिवस टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में किया गया। जिसमें चन्द्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय का दल ने टीम मैनेजर मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में सहभागिता की। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत ऐथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धायें आयोजित की गयी जिसमें महाविद्यालय के छात्र राज सिंह ने 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### विधायक ने जनप्रतिनिधियों के साथ जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

# क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एक्शन मोड में विधायक खंडेलवाल

**जिला अस्पताल में 500 बेड की करवाएंगे स्वीकृति**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिलेवासियों को बेहतर स्वास्थ सुविधाएं दिलवाने के लिए बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल एक्शन मोड में आ गए हैं। विधायक श्री खण्डेलवाल ने शनिवार को सांसद डीडी उइके, आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे एवं बैतूल नपा अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर के साथ जिला अस्पताल बैतूल का औचक निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य व स्वास्थ सेवाओं का जायजा लिया। वर्तमान में जिला अस्पताल में 300 बेड स्वीकृत है।

बैतूल विधायक खण्डेलवाल द्वारा पूर्व विधायक कार्यकाल में केन्द्रीय जनजातिय विभाग से लगभग 35 करोड रूपए की लागत से स्वीकृत कराये गये 250 बेड के अस्पताल भवन का कार्य लगभग अंतिम चरण में है। सीएमएचओ और सिविल सर्जन द्वारा जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि 300 बेड की स्वीकृति के कारण बजट सहित अन्य संसाधन भी उसी के अनुरूप मिल रहा है। यदि शासन स्तर से 500 बेड की स्वीकृति मिल जाये तो बजट मानव संसाधन, दवाईयों उपकरण भी 500 बेड के मुताबिक मिलने लगेगा। जिसे गंभीरता से लेकर बैतूल विधायक खंडेलवाल ने जिला अस्पताल में 500 बेड की स्वीकृति करवाने के लिए सीएमएचओ, सिविल सर्जन एवं पीआईयू के अधिकारियो को जिला अस्पताल परिसर में स्थित सभी भवनों का क्षेत्रफल, भवनों में बेडों की कुल क्षमता, 500 बेड के लिए आवश्यक मेन पावर मेडीसिन, मेडिकल पैरामेडिकल, सफाई, सुरक्षा के लिए आवश्यक सुविधाओं की विस्तृत रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैतूल विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि वे जल्द ही जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ स्वास्थ विभाग के प्रमुख सचिव से मिलकर बैतूल जिला अस्पताल को 500 बेड का अस्पताल स्वीकृत करवाने का प्रयास करेंगे।

केन्द्रीय ट्रायबल मद से स्वीकृत करवाया था 250 बेड का अस्पताल उल्लेखनीय है कि बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल द्वारा अपने पूर्व विधायकी कार्यकाल में जिलेवासियो को बेहतर स्वास्थ सुविधायें दिलवाने के लिए 300 बेड के जिला अस्पताल भवन के साथ ही केन्द्रीय ट्रायबल मद से लगभग 35 करोड रूपए की लागत से 250 बेड का एडीशनल हॉस्पीटल भवन स्वीकृत करवाया था। जिसका निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। श्री खंडेलवाल ने बताया कि जिला अस्पताल बैतूल की क्षमता 500 बेड की हो गई है। लेकिन शासन से 300 बेड की स्वीकृति होने से मानव संसाधन, बजट सहित अन्य सुविधाये 300 बेड के अनुसार ही मिल रही है। विधायक खंडेलवाल के मुताबिक जल्द ही स्वास्थ विभाग के प्रमुख सचिव से मिलकर जिला अस्पताल बैतूल में 500 बेड की स्वीकृति करवायेगे। जिससे जिला अस्पताल बैतूल में राज्य स्तर की उम्दा स्वास्थ सुविधाये मिलने लगेगी। विधायक श्री खण्डेलवाल ने सीएमएचओ, सिविल सर्जन सहित पीआईयू के अधिकारियों को 15 जनवरी तक एडीशनल हॉस्पीटल बिल्डिंग का कार्यपूर्ण करने और यहां स्वास्थ सेवायें संचालित करने के निर्देश दिये।

अत्याधुनिक आईपीएचएल पैथालॉजी शुरू होगी बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने स\ांसद डीडी उइके, आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे एवं नपा अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर के साथ जिला अस्पताल के निरीक्षण के साथ ही आयुष्मान योजना के तहत स्वीकृत नवीन अत्याधुनिक आईपीएचएल पैथालॉजी लैब का निरीक्षण भी किया। वर्तमान में जिला अस्पताल की पैथालॉजी में 102 जांच हो रही है। उक्त अत्याधुनिक पैथालॉजी शुरू होने के बाद जांच की संख्या में बढ़ोत्तरी होने के साथ ही ब्लड बैकिंग की सेवाओं में भी विस्तार होगा। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल बैतूल में 7 डाइलेसिस मशीनें एवं 15 वेंटिलेटर मशीने है। कोविड संक्रमण के दौर में विधायक हेमंत खण्डेलवाल द्वारा जिला अस्पताल को 3 वेंटिलेटर मशीने उपलब्ध कराई गई थी।

**स्वास्थ सुविधाओं में राशि की कमी नहीं आएगी: सांसद**

*क्षेत्रीय सांसद डीडी उइके ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले के रहवासियों को बेहतर स्वास्थ सुविधा दिलवाना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल के प्रयासों से केन्द्रीय जनजातिय मद से 250 बेड का एडीशनल हॉस्पीटल भवन बन रहा है। सांसद ने कहा कि स्वास्थ सुविधाओं में राशि की कमी नही आयेगी। यदि राशि की जरूरत पडेगी तो वे जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ दिल्ली जाकर केन्द्र सरकार से राशि स्वीकृत करवायेगें।*

**प्रदेश स्तरीय स्वास्थ सुविधायं मिलेंगी: डॉ.पंडाग्रे**

*आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि जिलेवासियों को बेहतर स्वास्थ सुविधाये दिलवाने के लिए सभी जनप्रतिनिधि कृत संकल्पित है। आमला विधायक डॉ.पंडाग्रे का कहना था कि जिला अस्पताल का एसएनसीयू प्राइवेट अस्पतालों से भी बेहतर है। प्लाजमा सेपरेटर भी जिला अस्पताल के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासो से जल्द ही बैतूल जिला अस्पताल में 500 बेड की स्वीकृति मिल जायेगी और जिले में प्रदेश स्तरीय स्वास्थ सुविधाएं मिलेगी।*

**पुलिस मामले की जांच में जुटी**

## घर के पंखे में फंदा लगाकर युवती ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा की उपनगरी शोभापुर कॉलोनी के कैलाश नगर में एक 19 साल की युवती ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या किए जाने का खुलासा नहीं हो पाया है। पाथाखेड़ा पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम करके विवेचना शुरू कर दी है।

पाथाखेड़ा पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम 7 बजे के लगभग शोभापुर कॉलोनी में निवास करने वाले नीलेश विश्वकर्मा की 19 वर्षीय पुत्री पीयूसी ने अपने घर के पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए यह घटना शुक्रवार शाम 7 बजे के आसपास की है। जबकि उसकी मां घर के सामने बैठी हुई थी जैसे ही अंदर जाकर देखा कि उसकी बेटी पंखे में दुपट्टा बांधकर फांसी लगा लिया है घर के और आसपास के लोगों ने आनंद फनद में फदे को काटकर उसे वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के एरिया अस्पताल में उपचार के लिए ले जाने का कार्य किया लेकिन वेकोलि के डॉक्टरों ने इस युवती को मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा वेकोलि के डॉक्टर के माध्यम से तहरीर देकर पाथाखेड़ा पुलिस को इसकी सूचना देने का काम किया है। पुलिस के माध्यम से शनिवार को शव का पोस्टमॉडेम करवरकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## सतपुड़ा ठेकेदार संघ की नई कार्यकारिणी गठित, नन्हे चंद्रवंशी बने अध्यक्ष



**सारनी**। सतपुड़ा ठेकेदार संघ की नई कार्यकारिणी शनिवार को घोषित की गई पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जिसमें सर्वसम्मति से सतपुड़ा ठेकेदार संघ का अध्यक्ष नन्हे चंद्रवंशी को मनोनीत किया गया है। जबकि सचिन के पद पर नागेंद्र निगम और कोषाध्यक्ष दिनेश सांवले को बनाया गया है। उपाध्यक्ष महेश चौहान को नियुक्त किया गया है। संरक्षण के लिए दीपक तिवारी,नन्हे सिंह और मीडिया प्रभारी का दायित्व विजय पलक को सौपा गया है।नई कार्यकारिणी के गठन के अवसर पर नन्हे सिंह, दीपक तिवारी, नागेंद्र निगम, नारायण सोलंकी, प्रकाश राजपूत, अमनदीप सतनकर, जगदीश आहूजा, दिनेश सबले, विलास लोणारे, महेश चौहान, अजय श्रीवास्तव, मोहम्मद शकील, दिलीप प्रसाद उपस्थित रहे।

**मुलताई विस. प्रभारी अनुराग पवार ने कहा**

## 'सभी की एकजुटता का परिणाम है मुलताई में भाजपा की जीत'



**बैतूल**। भाजपा मुलताई विधानसभा प्रभारी राजू अनुराग पवार ने कहा कि मुलताई में भाजपा की जीत सभी की एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने यह बात भाजपा मुलताई के नवनिर्वाचित विधायक चंद्रशेखर देशमुख का अपने निवास स्थान बैतूल में स्वागत कार्यक्रम में कही।

राजू अनुराग पवार ने बताया कि मुलताई विधानसभा में भाजपा प्रभारी के तौर पर उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों के साथ मिलकर समस्त विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी का चुनावी कार्यक्रम योजना अनुरूप बनाया था। उस समय प्रत्येक मंडल पर निर्धारित योजना के अनुरूप एक निश्चित कार्यक्रम बनाया जाता था और उस प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रत्याशी के साथ सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंपर्क किया जाता था। हमारा प्रयास था कि भाजपा प्रत्याशी के चुनावी कार्यक्रम के तहत प्रत्येक बूथ तक उनका जनसंपर्क कराना और भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाना एवं चंद्रशेखर देशमुख द्वारा उनके पिछले कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को भी जनता तक पहुंचाना था। हमने सिर्फ अपने कामों की बात की। भाजपा मुलताई विधानसभा प्रभारी राजू अनुराग पवार ने मुलताई विधानसभा की समस्त जनता का आभार जताया और कहा कि क्षेत्र की जनता ने भाजपा के पक्ष में भरपूर मतदान किया। इस प्रकार उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा तय योजना का सकारात्मक परिणाम निकला एवं भाजपा को पूरे विधानसभा में 51.36% वोट प्रतिशत मिलना इस बात को बताता हैं कि सभी वर्गो का भरपूर समर्थन भाजपा को मिला। राजू अनुराग पवार ने भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला को उनके कुशल नेतृत्व के लिए भी बधाई दी साथ ही पांचों मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, विजय घोड़की, परसराम खाकरे, राजेश हिंगवे, राजेश सोनारे को और उनकी सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम को बहुत बहुत बधाई दी। साथ ही महिला मोर्चा विधानसभा प्रभारी वर्षा गढ़ेकर,महिला मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष सुधा परमार को महिलाओं द्वारा अधिक मतदान भाजपा के पक्ष में किए जाने के लिए बधाई दी।



## तीर्थयात्रा कर वापस लौटा दल

**बैतूल**। पवार समाज वरिष्ठ जन कल्याण मंच का दल तीर्थयात्रा तथा ऐतिहासिक भ्रमण कर वापस बैतूल पहुंचा। इस यादगार यात्रा में दल के 60 वर्ष से 80 वर्ष के सदस्य परिवार सहित गए थे। सर्वप्रथम यात्रा का शुभारंभ दर्शनीय स्थल श्री हनुमान मंदिर हमलापुर में मंच के सचिव अविनाश देशमुख ने अपने साथियों के साथ पूजा अर्चना कर यात्रा का किया। इसके बाद तीर्थ यात्रियों का जत्था मंच के अध्यक्ष 81 वर्षीय केप्टन एलआर पवार के कुशल नेतृत्व मे बाबूलाल कालभोर, सोजरलाल गोहिते गोहिते, श्यामलाल कालभोर-कालभोर, प्रेमलाल ओमकार-ओमकार, बाबूराव पवार-पवार, हरिराम खपरिए, शिवाजी हजारे, मोहनलाल कालभोर-कालभोर, अनिल हजारे, रामराव ढोबारे-, जगदीश देशमुख, जगदीश परिहार, भभूतराम हजारे, विजय बारंगे, मुन्नालाल डहारे, अविनाश देशमुख सहित दल ने दादाजी धाम खंडवा,संत सिंगाजी धाम, ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग, संत सियाराम बाबा (तेली भट्यान) महेश्वर नर्मदा स्नान, मांडू पर्यटन स्थल,जहाज महल, राजा भोज शाला तथा पवार वंश की कुलदेवी मां गढ़कालिका धार, उज्जैन श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, देवास मातारानी चामुंडा देवी दर्शन, कुबेरेश्वर महादेव दर्शन सिहोर,सलकनपुर बीजासनी माता दर्शन किए। यात्रा को सफल बनाने में वरिष्ठ सदस्य हरीराम खपरिये और रामकिशोर पंवार का सराहनीय योगदान रहा

## सतपुड़ा ठेकेदार संघ ने विधायक योगेश पंडाग्रे का किया स्वागत, दी बाधाई

### ठेकेदार संघ ने विधायक के सामने रखी अपनी मांग



**सारनी**। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सीएचपी 4 का संपूर्ण कार्य एक कंपनी को दिए जाने से दूसरे ठेकेदारों में आक्रोश का माहौल व्याप्त है। इसको लेकर सतपुड़ा ठेकेदार संघ का प्रतिनिधि मंडल आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे के क्षेत्रीय कार्यालय बैतूल में जाकर मुलाकात करके यह काम पूर्व की भांति सभी ठेकेदार को दिए जाने की मांग रखी है।

बताया जाता है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के 660 मेगावाट के सुपर क्रिटिकल इकाई का भूमि पूजन कार्यक्रम में आए थे। सतपुड़ा ठेकेदार संगठन के माध्यम से स्वागत बैनर में आमला विधायक डॉक्टर योगेश पडाग्रे और सांसद दुर्गादास उइके का फोटो भी लगाना उचित नहीं समझे उसे संगठन के गठन के अवसर पर आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के एमडी मनजीत सिंह को फोन लगाकर उक्त कार्य को स्थानीय ठेकेदारों के पास रहे ऐसी चर्चा की है। जबकि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के माध्यम से यह कार्य 10 से 12 ठेकेदारों के बीच बाटा होने के कारण इसे एक ठेकेदार को देखकर अपना खर्च कम करने का कार्य कंपनी के माध्यम से किया है। इसको लेकर डॉक्टर योगेश पंडाग्रे के माध्यम से ठेकेदारों के पक्ष में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के एमडी से खुलकर चर्चा करने का कार्य किया है। इससे भी आश्चर्य और दुखद पहलू तो यह की मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी में कार्य करने वाले ठेका मजदूरों को कलेक्टर दर पर भुगतान नहीं किया जाता है।

**पूर्व विधायक पांसे ने किया**

## ऑस्ट्रेलिया की स्विनबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न में कुशाग्र का चयन




**मुलताई**। पवित्र नगरी के मेधावी छात्र कुशाग्र सूर्यवंशी का चयन ऑस्ट्रेलिया की प्रसिद्ध स्विनबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न में हुआ है। छात्र की इस उपलब्धि को लेकर परिजनों सहित संपूर्ण नगर में उत्साह का माहौल है इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक एवं मंत्री सुखदेव पांसे ने अपने निवास पर कुशाग्र को सम्मानित कर उज्वल भविष्य की कामना की ।नगर के ताप्ती वार्ड का रहने वाला होनहार छात्र कुशाग्र पिता राजीव सूर्यवंशी उच्च शिक्षा ग्रहण करने आस्ट्रेलिया जायेंगा जहां स्विनबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न में बीएससी की शिक्षा ग्रहण करेंगा। ज्ञात हो कि कुशाग्र बचपन से ही पढ़ाई में अग्रणी रहा है। उसने अपनी प्राथमिक शिक्षा नगर के वसंत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मुलताई से पूरी की जिसके पश्चात कुशाग्र का चयन प्रभात पटटन के नवोदय विद्यालय में हुआ जहां कुशाग्र ने कक्षा 6वीं से 12वीं तक शिक्षा ग्रहण की। इस बीच एक साल के लिए कुशाग्र ने केरल के नवोदय विद्यालय में भी शिक्षा ग्रहण की है। छात्र की इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक सुखदेव पांसे ने कुशाग्र को अपने कार्यालय बुलाकर मूँह मिठा कर सम्मानित किया एवं उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सुमित शिवहरे, नितेश साहू, उमेश पिंटू ठाकरे, नवनीत चंदेल, कपिल खण्डेलवाल, दयाल टिटारे, सचिन पाटनकर, प्रेमराव खाड़े सहित नगर वासियों ने छात्र कुशाग्र को बधाई दी है।

**मांस-मछली बाजार पहुंचा नगर प्रशासन**

**व्यापारियों को दी समझाइश**

# निर्देश: खुले में नहीं बिकेगी मांस-मछली उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर पालिका अधिकारी आरके इवनाती,जीआर देशमुख सहित नगर पालिका कर्मचारियों ने मटन एवं मछली मार्केट में पहुंचकर मीट मछली व्यापारियों को मध्य प्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार खुले में मांस तथा मछली विक्रय पर लगाए गए प्रतिबंध के संबंध में जानकारी दी और बिना लाईसेंस एवं लाइसेंस शर्तों का उल्लंघन करने पर की जाने वाले कार्रवाई से व्यापारियों को अवगत कराया। नगर पालिका अधिकारी ने मीट एवं मछली व्यापारियों को बताया कि जिन व्यापारियों मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 268 एवं 279 के अंतर्गत लाइसेंस नहीं बनाए हैं वह सभी अपने लाइसेंस बना ले सोमवार से लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया नगर पालिका में प्रारंभ कर दी जाएगी।



### दुकानों के सामने लगाने होंगे अपारदर्शी कांच

लाइसेंस देते समय नगर पालिका यह सुनिश्चित करेगी की दुकानों में साफ सफाई की व्यवस्था हो, कचरे का निष्पादन समुचित हो, मांस विक्रय खुले में ना हो तथा दुकानों के सामने अपारदर्शी कांच लगाया जाए।लाइसेंस प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी जिन जिन व्यापारियों के पास लाइसेंस नहीं होंगे या जो खुले में मांस एवं मछली का विक्रय करेंगे उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के प्रतिपालन में की जा रही है।




### छोटे मछली व्यापारियों की आजीविका पर संकट

मुख्य नगर पालिका अधिकारी का कहना है कि मध्य प्रदेश शासन के आदेश है जिसका पालन करना अनिवार्य किंतु इसके परिपालन में व्यावहारिक समस्याएं यह है कि ढीमर समाज के लोग सुबह से मछली पकड़ कर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में लाकर बाजार में बेचते हैं और जहां जगह दिखती है। वहां बैठकर अपना व्यवसाय करते हैं, अब बड़ा प्रश्न यह है कि एक टोकरी भर मछली लाने वाले यह व्यापारी डस्टबिन सफाई की व्यवस्था और पारदर्शी कांच की व्यवस्था कैसे कर पाएंगे।

## नर्मदापुरम आईजी से काली माई व्यापारी संघ करेगा मुलाकात

**सारनी**। शहर की कानून व्यवस्था दिन प्रतिदिन खराब होते जा रही है।स्थिति यह निर्मित हो गई है कि पुलिस के माध्यम से जो रात्रि ग्रस्त किया जाता था वह रात्रि ग्रस्त भी बंद कर दी गई है। इस स्थिति को देखते हुए कालीमाई व्यापारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक बैतूल और नर्मदापुरम संभाग के आईजी से मुलाकात करके सारनी क्षेत्र की कानून व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग करेंगे। काली माई व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश हरोड़, सचिन प्रकाश शिवहरे ने बताया कि रात्रि गश्ती पाथाखेड़ा पुलिस के माध्यम से बंद कर दिए जाने के कारण व्यापारियों में भय का माहौल है।इसके अलावा आचार संहिता समाप्त होने के बाद नगर पालिका क्षेत्र में असंवैधानिक कार्य तेज गति से संचालित हो रहा है। जिससे व्यापार पर विपरीत असर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति को देखते हुए काली माई व्यापारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल पहले सारनी एसडीओपी उसके बाद पुलिस अधीक्षक बैतूल से मुलाकात करके कानून व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग।

दुर्घटना की बनी रहती है संभावना

# जल-जीवन मिशन के ठेकेदार की लापरवाही से ग्रामीण परेशान

सेमरीहरचंद एवं ग्राम जमुनिया में नल जल योजना में ठेकेदार और विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणजनों को आने जाने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत सेमरी हरचंद एवं ग्राम जमुनिया में राज कंस्ट्रक्शन एंड सॉल्यूशन कंपनी ग्वालियर को प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचने का ठेका सरकार द्वारा दिया गया है परंतु जब से इन्हें ठेका मिला है तब से कभी पाइपलाइन बिछाने के नाम पर तो कभी नल कनेक्शन करने के कार्य में हमेशा इनकी कारगुजारियों का नुकसान संबंधित ग्राम वासियों को भुगतना पड़ रहा है। विगत दिनों स्टेट हाईवे पर गड्ढे खोदने के कारण घंटो ट्रैफिक जाम हुआ। जिसे बामुश्किल सेमरी हरचंद पुलिसकर्मियों द्वारा हटाया गया। वर्तमान में नल खोलने हेतु बनाए गए वाल के चेंबर ढक्कन विहीन है जो की आठ 10 दिन से खुले पड़े है। जिनसे अक्सर दुर्घटना होती रहती हैं ग्राम जमुनिया में अनेक स्थानों पर कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने के कारण लंबे समय से पानी का स्राव हो रहा है। ग्राम जमुनिया निवासी जनपद सदस्य प्रतिनिधि भरत शर्मा बताते हैं कि तीन-चार दिन से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी बह रहा है एवं ग्राम वासियों के घर के सामने कीचड़ हो गई है। जिससे विवाद की स्थिति बन रही है ठेकेदार के कर्मचारी से बात करने पर यह कहते हैं कि यह पुरानी पाइपलाइन फूटी है जिससे पानी बह रहा है। यह काम हमारा नहीं है ग्राम पंचायत का है आप ग्राम पंचायत वालों से बात करें वही जल जीवन मिशन के कार्य को पूर्ण करने की अवधि भी लगभग एक वर्ष पूर्व समाप्त हो चुकी है पता नहीं कब ग्राम वासियों को नल से जल मिलेगा। फिलहाल में तो ग्रामवासी केवल जल जीवन मिशन के कार्य से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी के सब इंजीनियर दर्शन धुर्वे से बात करने पर उन्होंने बताया कि मैं देखता हूं एवं जल जीवन मिशन का कार्य देखकर कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु एवं जहां कहीं सुधार की आवश्यकता है सुधार करवा दिया जावेगा एवं लापरवाही पर अंकुश लगाने का प्रयास करेंगे।

# तेजस्विनी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. नीरज गुप्ता हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शोभापुर में संचालित तेजस्विनी हॉस्पिटल अपने शुरुवाती दिनों से ही विवादों के कारण चर्चा में रहा है। कोरोना कॉल के दौरान मकान मालिक से विवाद जहां सुर्खियों में रहा तो वहीं मरीजों के साथ लापरवाही को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण करने के उपरांत पाई गई अनियमितताओं पर सुधार के अवसर देने के बाद भी संचालक नीरज गुप्ता द्वारा हॉस्पिटल संचालित किया गया। जिस पर शिकायत होने के बाद तत्कालीन एसडीएम अखिल राठौर वा तत्कालीन बीएमओ रेखा सिंह गौर ने मौके पर तेजस्विनी हॉस्पिटल खुला पाया वा एक मरीज भर्ती भी था। मिली जानकारी के अनुसार उस समय एचआईवी पॉजिटिव मरीज बिना ऑफिसियल जानकारी पर भर्ती मिले होने और आयुष्मान के योजना के लाभ दिलाने वाले दस्तावेजों सहित मेडिकल स्टोर के दस्तावेजों में गड़बड़ी की आशंका के चलते एसडीएम अखिल राठौर वा रेखा गौर ने मेडिकल स्टोर से दवाओं को जप्त किया। इन्ही दिनों सीएमएचओ नर्मदापुरम द्वारा हॉस्पिटल को सील किया गया था। जिस पर नाटकीय घटनाक्रम भी सुना गया था।

सील हॉस्पिटल को खुलवाने के लिए संचालक नीरज गुप्ता द्वारा मौके पर तमाम दलीलें तत्कालीन सीएमएचओ को दी गई थीं। लेकिन अंतोगत्वा हॉस्पिटल को सील करते हुए डॉक्टर नीरज गुप्ता वा आरती गुप्ता केस खिलाफ 420 , 67 , 68 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। तकरीबन डेढ़ साल पहले हुई एफआईआर के बाद चौकी प्रभारी मेघा उदेनिया ने घेरा बंदी कर संचालक नीरज गुप्ता को अरेस्ट कर थाना सोहागपुर लाया गया। जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। तत्कालीन बीएमओ रेखा सिंह गौर ने बताया कि उस समय अनियमितता पाए जाने के बाद सीएमएचओ द्वारा सात दिन तक हॉस्पिटल बंद रखते हुए सुधार के लिए समय दिया गया था लेकिन उन्होंने आदेशों को अनदेखा करते हुए हॉस्पिटल खोले रखे जो कि मौके पर एक मरीज भी मिला था। तब जाकर दस्ताबेजो में गड़बड़ी को देखते हुए मामला पंजीबद्ध किया गया था। थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया 420 , 67 , 68 के आरोपी नीरजा गुप्ता वा उनकी पत्नी आरती गुप्ता को गिरिफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स माप शिविर आज

**इटारसी।** रोटरी क्लब इटारसी एवं नारायण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. एनआर खंडेलवाल की स्मृति में पुष्पादेवी खंडेलवाल के सहयोग से नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स माप शिविर रविवार को सुबह 11 बजे से जगदम्बा मैरिज गार्डन न्यास कालोनी में लगाया जाएगा। कार्यक्रम में सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार आरके खंडेलवाल मुख्य अतिथि रहेंगे तथा अध्यक्षता विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा करेंगे।

# संपन्न और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था विजन इंडिया 2047 पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा




शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित विजन इंडिया 2047 संपन्न एवं सुदृढ अर्थव्यवस्था पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके रघुवंशी ने बताया कि मजबूत अर्थव्यवस्था ही विकसित राष्ट्र का आधार है। अर्थशास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ मोहन सिंह गुर्जर ने बताया विजन 2047 के अंतर्गत अगले 25 वर्षों में विकास का खाका तैयार करने के लिए नीति आयोग को यह कार्य सौंपा गया है। इसका प्रमुख उद्देश्य 18000 से 20000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय मजबूत सार्वजनिक वित्त एवं वित्तीय क्षेत्र के साथ 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करना है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे एवं सुविधाओं का निर्माण करना है। अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रेमनारायण परते ने बताया कि वर्तमान में भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और क्रय शक्ति क्षमता में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का अनुमान है। 2022 तक भारत की जीडीपी का आकार ब्रिटेन और फ्रांस की जीडीपी से भी बड़ा हो चुका है। गीता डोंगरे अर्थशास्त्र विभाग की सहायक अध्यापक ने विजन 2047 के बारे में 2030 तक भारत की जीडीपी जापान और जर्मनी से आगे निकलने की उम्मीद है 2030 तक भारत प्रशांत एशिया क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। डॉ ऋषि चौबे ने बताया भारत में युवा आबादी सर्वाधिक है जो विभिन्न क्षेत्रों के लिए कुशल और उत्पादक कार्य बल प्रदान कर सकती है भारत में 40 प्रतिशत से अधिक लोग कम आयु वर्ग के वर्ग के हैं, यह आर्थिक विकास के लिए बड़ा जनसंख्या लाभांश प्रदान कर सकते हैं इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ डॉ.एके यादव, डॉ. रमाकांत सिंह, नवनीत सोनारे, कमल अहिरवार, डॉ प्रशांत, एसके अग्रवाल, डॉ. अनुराग पाठक एवं अर्थशात्र विभाग छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बंगलिया के 42 विस्थापित परिवारों से मिले विधायक डॉ. शर्मा, बोले-डरें नहीं

**रेलवे की भूमि पर रहने वाले परिवारों का किया गया है विस्थापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा शनिवार को आवाम नगर में उन 42 परिवारों से मिलने पहुंचे जिन्हें बंगलिया वार्ड 06 और 08 से विस्थापित किया गया था। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने विस्थापित परिवारों से कहा कि आप चिंता नहीं करना, मैं आपको यहां से कभी हटने नहीं दूंगा। इस कार्यकाल में ऐसी व्यवस्था यहां कर दूंगा कि कभी कोई आपको परेशान नहीं कर पाएगा। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, पार्षद वार्ड 06 जिम्मी कैथवास, सभापति प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि वार्ड 08 राजकुमार बाबरिया, भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री ममता मालवीय, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष शशांक मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।

दरअसल, जो परिवार यहां विस्थापित हुए थे, वे पहले बंगलिया वार्ड 06 और 08 में रेलवे की जमीन पर मकान बनाकर रहते थे, रेलवे का प्रोजेक्ट आने के बाद उन्हें वहां से हटना पडा था। उल्लेखनीय है कि इन्हें आसपास मौजूद जमीन मालिक परेशान कर रहे थे और मकान तोडने की धमकी दे रहे थे। इसके बाद विधायक खुद मौके पर पहुंचे और परिवारों से मिले। विधायक डा शर्मा ने कहा कि यहां सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि जल्दी ही यहां पर वे सारी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे जो कि बंगलिया में रहने के दौरान मौजूद थीं।

# इस वर्ष गांधी मैदान में एक साथ होंगी दो स्पर्धा




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इस वर्ष अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता और इंटर डिस्ट्रिक्ट हॉकी प्रतियोगिता एक साथ 4 जनवरी से प्रारंभ होगी और 14 जनवरी को समापन होगा। प्रतियोगिता के लिए देशभर की नामी टीमों से संपर्क करना प्रारंभ कर दिया गया है। यह जानकारी जिला हॉकी संघ के सचिव कन्हैया गुरयानी ने जिला हॉकी संघ के कार्यालय में हुई एक बैठक में उपस्थिति पदाधिकारियों और सदस्यों को दी। बैठक की अध्यक्षता डीएचए के अध्यक्ष प्रशांत जैन ने की। बैठक में कुछ नये पदाधिकारी भी सर्वसम्मति से मनोनीत किये गये हैं। डॉ. ताविश अरोरा और राहुल चौरे को सर्वसम्मति से जिला हॉकी संघ का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह से वरिष्ठ खिलाड़ी रविन्द्र जोशी को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है। राहुल चौरे को सर्वसम्मति से अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता की आयोजन समिति का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है। बैठक में मार्गदर्शक एससी लाल, कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, वरिष्ठ खिलाड़ी और पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तोमर, जयराज सिंह भानू, अरुण रावर्ट, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंघ सैनी, गिडियन अल्फ्रेड, मो. जाफर सिद्दीकी, मनमोहन सिंह वाही, अल्वर्ट खान, साजिद मलिक रोहित नागे आदि मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में छात्रों की मौत,शोक में डूबे क्षेत्रवासी





**सोहागपुर।** रायसेन जिले की बरेली में एक सड़क दुर्घटना के दौरान नगर में पढ़ने वाले दो छात्रों का दुखद निधन हो गया। छात्र ललित पटेल ग्राम मोतल सिर और सचिन पटेल तेलसिर ग्राम के रहने वाले हैं। दोनों नगर के नर्मदांचल स्कूल में पढ़ते थे। मैथ साइंस के उक्त दोनों छात्र बहुत होशियार थे। उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षक कीर्ति दुबे ने बताया दोनों का दिमाग पढ़ने में काफी तेज था। पढ़ने के प्रति उनकी रुचि भी थी। कुछ दिन बाद ही परीक्षा होने वाली थी। दोनों का बरेली में एक रोड दुर्घटना में निधन हो गया है। घटना की जानकारी लगने के बाद समूचे क्षेत्र में शोक के लहर दौड़ गई।

# कबाड़ हो चुकी डायल 100 कब बदली जाएगी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

मध्य प्रदेश पुलिस के सहयोग के लिए लगाई गई। 100 डायल गाड़ियां अब कबाड़ बनने की स्थिति में आ गई हैं परंतु प्रशासन द्वारा इन्हीं कंडम गाड़ियों के सहारे पुलिस का कार्य किया जा रहा है। आज सुहागपुर पुलिस थाने की 100 डायल खराब हो जाने पर सेमरी हरचंद पुलिस चौकी की 100 डायल उसे रास्ते से खींच कर ले जाती हुई दिखाई दी।

# हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने की तिथि बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

केन्द्रीय मोटरयान नियम के तहत परिवहन विभाग द्वारा सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के लिए 15 दिसम्बर 2023 तक समय सीमा निर्धारित की थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एवं प्रदेश के विभिन्न शहरों में वाहन विनिर्माताओं के अधिकृत डीलरों द्वारा जानकारी दी गई है कि हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाये जाने की मांग अत्यधिक बढ़ जाने के कारण एचएसआरपी लगाये जाने की प्रक्रिया में 8-10 दिन या इससे भी ज्यादा समय लग रहा है। जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए परिवहन विभाग द्वारा पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगाने की समय सीमा को बढ़ाते हुए एक अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहनों के लिए एचएसआरपी लगवाने की अंतिम तिथि को 15 जनवरी 2024 तक किया गया है। परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग को एचएसआरपी लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान को लगातार जारी रखकर सभी वाहनों में एचएसआरपी लगवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

# बिल बकाया होने पर बिजली कनेक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



विद्युत मंडल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कृषि पंप मोटर संचालित करने वाले किसानों के बिजली बिल बकाया होने पर किसानो के घरेलू विद्युत कनेक्शन काट दिए। इस संबंध में कनिष्ठ अभियंता विद्युत मंडल सेमरी हरचंद रविशंकर धुर्वे से बात करने पर उन्होंने बताया कि आठ कृषि उपभोक्ताओं पर 2 लाख 26 हजार का बिजली बिल बकाया होने की स्थिति में उन्हें तीन दिन पूर्व मध्य प्रदेश विद्युत मंडल द्वारा नोटिस दिया गया था। नोटिस के बाद भी उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल की बकाया राशि जमा नहीं करने पर 5 कृषि उपभोक्ताओं के घरेलू विद्युत कनेक्शन काटे गए पांच कारीगरों पर विद्युत बिल बकाया होने की स्थिति में उनसे 1 लाख 38 हजार की वसूली की गई।

## फिट इंडिया वीक का आयोजन किया गया

**सिवनी मालवा।** शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक फिट इंडिया वीक का आयोजन किया गया।

यू.जी.सी. के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया वीक का कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को खेल एवम स्वदेशी खेलों के महत्व के बारे में बताया तथा महाविद्यालय के खेल अधिकारी ने बताया के स्वदेशी खेल बहुत ही उपयोगी साबित होते है जिसमे शारीरिक एवं मानसिक दोनों प्रकार के व्यायाम होते है। सभी विद्यार्थियों को खेल में सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

**अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट समिति की बैठक संपन्न**

# प्रतियोगिता 30 जनवरी से शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




स्थानीय जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट समिति की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। जिसमें स्व. ठाकुर प्रताप भानु सिंह स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन हेतु जयराम रघुवंशी की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिए गये। आगामी 30 जनवरी से 4 फरवरी तक अखिल भारतीय हॉकीटूर्नामेंट आयोजित होगा। जिसमें देश भर की टीमें भाग लेंगी। इस वर्ष टूर्नामेंट का स्थान परिवर्तन करके यह टूर्नामेंट जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में आयोजित करने पर सहमति बनी। मौके पर उपस्थित अध्यक्ष जयराम रघुवंशी, शेरखान साहब, जयप्रकाश महेश्वरी, अभिलाष सिंह चंदेल, शंकरलाल मालवीय, सौरभ तिवारी, अश्वनी सरोज, भानु प्रकाश तिवारी, हरिहर सिंह, संजय खण्डेलवाल, केनेडी बाबा सहाब, वीरेंद्र शर्मा, रुपनारायण शर्मा, राजू भाई नागा, बबलू भाई, दादूराम कुशवाहा, अंकित कुबरे, राजा जी मसीह, राधेश्याम रघुवंशी, रवि उइके, हनीफ खान, दिलीप परदेशी, हफीज खान, पवन चौहान, अमित बिल्लोरे, एकम सिंह राजपूत, रज्जन यादव, विजय कुशवाहा, दर्शन डोगरे, भरत तिवारी संजय तिवारी, राजेश विश्वकर्मा बैठक में मौजूद रहे जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया।

## ये होंगे कार्यकारिणी में

अध्यक्ष जयराम रघुवंशी, सचिव अश्वनी सरोज, सहसचिव दादूराम कुशवाहा, रज्जन यादव, आदित्य सिहं चंदेल कोषाध्यक्ष सौरभ तिवारी, पवन चौहान, मीडिया प्रभारी मनोज गोलानी, पवन चौहान, निवास एवं भोजन समिति रवि उइके, अंकित कुबरे, राजा कुरेले, दिलीप परदेशी, दर्शन डोगरे, स्वागत समिति डॉ.एन. के. नीखरा, राधेश्याम रघुवंशी, केनेडी बाबा को बनाया गया है।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**सिवनीमालवा।** बीएचआरसी ग्रुप, रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी तथा कनक डेन्टल क्लीनिक द्वारा सिवनी मालवा नगर के स्वामी दयानंद सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ नवोदित राठौर, डॉ पूनम सिंह राजपूत ने जनरल स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया। डॉ अरूण पटेल ने दांतों का परीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय के लगभग 200 बच्चों व स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों ने बच्चों को नियमित ब्रश करने, साफ सफाई का ध्यान रखने, पैकेट फूड न खाने, व्यायाम करने, दैनिक दिनचर्या में पढ़ाई के साथ खेल व अन्य रचनात्मक गतिविधियों को शामिल करने, मोबाइल का प्रयोग न करने की समझाइश दी। संस्था संचालक मनोज सिंगवाने, ज्योति सिंगवाने ने सभी चिकित्सकों एवं सहयोगियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया। इस दौरान ईश्वर विश्नोई, प्रमोद कुशवाहा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




16 दिसंबर 1971 को भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध जीता था इसलिए 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है इसके साथ दुनिया के नक्शे पर एक अलग राष्ट्र का उदय भी हुआ था जिसे लोग बांग्लादेश के नाम से जानते हैं भारत की सैन्य ताकत का भी एहसास कराता है। क्योंकि इसी दिन पाकिस्तान सुना ने भारत के सामने आत्म समर्पण किया था। जिसे प्रतिवर्ष 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बार भी मंगलवार चौराहे पर विजय दिवस मनाया गया। जिसमें सेवा निवृत सैनिकों के साथ नगर के तमाम समाज सेवी संगठन स्कूल के छात्र-छात्रा एवं गणमान्य नागरिक सहित तमाम जनप्रतिनिधियों के द्वारा शामिल होकर कार्यक्रम मनाया गया तथा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भी याद किया गया वहीं पर भक्तों के द्वारा बताया गया कि 1971 भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध का मुख्य कारण बांग्लादेश की रिहाई था सन 1970 में पाकिस्तान में चुनाव में पूर्वी पाकिस्तान अवामी लीग ने 169 में से 167 सीटों पर जीत दर्ज की थी शेख मुझे भी रहमान ने संसद ने सरकार बनाने की पेशकश की मगर पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अली भुट्टो ने इसका विरोध किया। तरह से तमाम लोगों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि राष्ट्रपति को सी बुलवाना पड़ा था युद्ध में भारतीय सेवा ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था 13 दिन लड़ाई चली थी इसमें पार्क सी ने मुंह की खाते हुए 16 दिसंबर 1971 को जनरल एए के नियाजी ने अपने 93000 सैनिकों के साथ भारत और मुक्ति वाणी के सामने ढाका में आत्म समर्पण किया था। चाहिए विजय दिवस मनाया जाता है।

जन कल्याणकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी हितग्राहियों को वितरित किए गए

# सांसद ने विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया






हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आए दो प्रचार वाहनों को पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर से क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उईके ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये।

कार्यक्रम में हरदा विधायक आर के दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, जिला भाजपा अध्यक्ष अमर सिंह मीणा, कलेक्टर ऋषि गर्ग, भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की डायरेक्टर और विकसित भारत संकल्प यात्रा की हरदा जिला प्रभारी ऋचा शर्मा, अपर कलेक्टर डॉ नागार्जुन बी. गोडा, कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष ललित पटेल, सांसद प्रतिनिधि राजेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में वर्चुअली संबोधित किया। कार्यक्रम में हरदा जिले की विकास पुस्तिका और शासन की योजनाओं की जानकारी देने वाली पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश तेजी से विकास कर रहा है। सभी मिलकर वर्ष 2047 तक भारत देश को विकसित देश बनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, मुद्रा योजना, स्वनिधि योजना जैसी योजनाओं की मदद से देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन में खुशहाली आई है। इन्हीं योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार और इन योजनाओं की जानकारी नागरिकों को देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की गई है। यह यात्रा आगामी 26 जनवरी तक जारी रहेगी। इस यात्रा के दौरान गांव गांव में स्वास्थ्य मेले आयोजित होंगे और विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

### संकल्प यात्रा की रूपरेखा प्रस्तुत

इससे पूर्व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिले के तीनो विकासखंडों में भ्रमण के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। यात्रा के दौरान सभी ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे, और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही ग्रामीणों को पात्रता अनुसार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उनके आवेदन भी जमा कराए जाएंगे।

### सफलता की कहानी सुनाई

इससे पूर्व अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की दो सदस्यों आशा केवट और खतीजा बेगम ने अपनी सफलता की कहानी भी सुनाई। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना के आश्वासन प्रमाण पत्र बालिका कुमारी मेराब खान और अश्मीरा शेख को प्रदान किए गए। इसके अलावा उगता सूरज स्व सहायता समूह को 4.84 लाख रुपए राशि का चेक प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत देवेंद्र चंदेवा को 10 हजार रुपए तथा बसंत यादव को 50 हजार रुपये का स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सांसद उईके ने राजेंद्र राजपूत, रचना मालवीय, साधना राठौर, भारती राठौर और सीमा भट्ट को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

राहगीरों को आवागमन में हो रही परेशानी

# गड्ढों में तब्दील होने लगा नेशनल हाईवे 347 सी, हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



जिले की कसरावद तहसील क्षेत्र के ग्राम खलबुजुर्ग से जिला मुख्यालय नगर होते हुए भगवानपुरा तहसील के सरवर देवला तक 299 करोड़ रुपए की लागत से बने नए नवेले नेशनल हाईवे 347 सी पर जगह-जगह बीचों बीच हाईवे की सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। जिसके चलते हाईवे पर बहुत बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। राहगीरों को आवागमन करते समय काफी परेशानी हो रही। इन गड्ढों की वजह से हाईवे पर आए दिन हादसे देखने को मिल रहे हैं। जिसमें वाहन चालक राहगीर गंभीर रूप से चोटिल हो रहे हैं। ऐसा ही एक हादसा तहसील कार्यालय से 6 किलोमीटर दूर शुक्रवार करीब दिन के 1:30 बजे हुआ। जिसमें मुलठान निवासी पति पत्नी से कसरावद की ओर दो पहिया वाहन से जा रहे थे, किंतु गोपालपुरा और कारोंदीया फाटे के समीप गहरे गड्ढे के कारण संतुलन बिगड़ने से दुर्घटना ग्रस्त हो गए। जिनकी स्थिति गंभीर रूप से घायल होने से राहगीरों की मदद से एंबुलेंस से दोनो घायलों को कसरावद नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया।

गनीमत रही कि दुर्घटना के समय सामने से कोई बड़ा वाहन नहीं आ रहा था अन्यथा हादसा और भयानक हो सकता था। गौरतलब है कि सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण गड्ढे हो गए हैं। हाइवे होने के कारण वाहन चालक स्पीड से चलते हैं और लोगों को अंदाजा भी नहीं लग पाता है कि सड़क पर कहां गड्ढा है। जिससे लोग आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं, लेकिन उसके बाद भी कार्यदायी एजेंसी बंसल कंस्ट्रक्शन कंपनी इन गड्ढों को भरे जाने की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिसकी वजह से लोग आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं, साथ ही प्रशासन अलर्ट नहीं है। सड़क पर गड्ढे होने से बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। अगर जल्द ही इन गड्ढों को नहीं भरा गया तो आने वाले समय में जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा सड़क पर चलने वाले लोगों को अपने हाथ, पैर या जान देकर भुगतना पड़ सकता हैं। गोपालपुरा के ओमप्रकाश यादव, जितेंद्र यादव, गुड्डा आदि ग्रामीणों ने बताया कि इस नेशनल हाईवे को निर्मित हुए बड़ी मुश्किल से दो तीन साल भी नहीं हुए हैं। घटिया निर्माण कार्य के चलते यह सड़क अभी से गड्ढों में तब्दील होने लगी है। जिससे आए दिन वाहन चालक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर जाते है।

### ठेकेदार को कहा है

सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। ठेकेदार को गड्ढे भरने का कह दिया गया है। एक दो दिन में नेशनल हाईवे पर जहां जहां भी सड़क क्षतिग्रस्त हुई है और गड्ढे हुए हैं भर दिए जाएंगे।

अनिल कुमार गोंड,
कार्यपालन यंत्री लोनिवि इंदौर

# मंदिर-मस्जिदों में ध्वनि तीव्रता की जांच होगी, डीजे के लिए अनुमति जरूरी

लाउड स्पीकर की आवाज का दायरा भी 100-50 मीटर तक होना चाहिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

अब दैनिक रूप से उपयोग किए जाने वाले लाउड स्पीकर मंदिर-मस्जिद से हटाने होंगे। जिन स्थानों से नहीं हटाए जाएंगे वहां उड़न दस्तों द्वारा कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को जिले के कसरावद नगर के थाना परिसर में धर्मगुरुओं के साथ एसडीओपी मनोहर सिंह गवली, तहसीदार मुन्ना सिंह अड़, नगर परिषद सीएमओ कामलेश गोले और थाना प्रभारी एमएल रोमडे ने बैठक की। जिसमें एसडीओपी और तसिलदार ने स्वेच्छा से मंदिर-मस्जिद से लाउड स्पीकर हटाने की बात कही। इसको लेकर सभी की सहमति भी बनी। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गवली ने कहा कि जो मानक तय किए गए हैं उन्हीं में साउंड का उपयोग किया जाए। उल्लंघन मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजे के लिए संबंधित सक्षम अधिकारी से अनुमति लेना जरूरी है। इस दौरान बजरंग दल के दीपक कुशवाह, मनोहर यादव, पार्षद प्रतिनिधि सईद हेडली, सहित आसपास के गावों से बैठक में आए धर्मगुरु मौजूद थे।

### अधिक ध्वनि के शोर से क्या-क्या समस्याएं आती हैं?

तेज ध्वनि हमेशा से नुकसानदायक रही है। डीजे वाले साउंड की धर्मगुरुओं से हार्ट की बीट तक बढ़ जाती है। शरीर पर बहुत नुकसान होता है। डीजे के साउंड के कारण तो कभी कभी लोगों को सुनाई देना बंद हो जाता है। डीजे से नॉइज पॉल्युशन अधिक हो रहा है। मंदिर-मस्जिद के मामले में लाउड स्पीकर से कान खराब होने लायक ध्वनि तो नहीं होती है लेकिन ये एकाग्रता भंग करती है। लाउड स्पीकर की आवाज का दायरा भी 100-50 मीटर तक ही होना चाहिए।

### उड़न दस्तों का गठन किया जा रहा : गवली

एसडीओपी गवली ने कहा कि धार्मिक स्थलों, धार्मिक यात्राओं, जुलूस में निर्धारित ध्वनि सीमा स्तर में ही लाउड स्पीकरों का उपयोग किया जा सकेगा। उल्लंघन पर कार्रवाई के लिए उड़नदस्तों का गठन किया जा रहा है। सबसे पहले दैनिक रूप से प्रयोग में लाए जाने वाले लाउड स्पीकर को हटाने का काम शुरू करें। किसी आयोजन में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग इस तरह किया जाए कि ध्वनि संबंधित परिसर से बाहर न जाए।

### डेसीबल मीटर से होगी जांच

तहसीलदार ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर नियमों का पालन कराने धर्मगुरु आगे आएं। धर्मगुरु अपने धार्मिक स्थानों, जुलूस, शोभायात्रा के संबंध में निर्धारित ध्वनि सीमा स्तर का कड़ाई से पालन कराएं। निगरानी एवं कार्रवाई के लिए उड़नदस्तों का प्रयोग किया जाएगा। डेसीबल मीटर से ध्वनि की तीव्रता की जांच की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि डीजे के साथ अधिकतम दो साउंड की ही अनुमति दी जाएगी।

### ध्वनि प्रदूषण से किन लोगों को दिक्कत अधिक होती है?

डॉक्टरों के मुताबिक जो लोग नॉइज के बीच रहते हैं। जैसे सड़क पर फेरी लगाने वाले हॉकर्स, ट्रैफिक मैन ये दिन भर हाई डेसीबल का साउंड सुनते हैं। इन्हें दिक्कत होती है। इनके कान की सुनने की क्षमता प्रभावित होती। इंडस्ट्रियल वर्कर हैं जहां मशीनरी द्वारा हाई डेसीबल का शोर होता है। उन्हें भी दिक्कत आती है। विद्यार्थी व नई जेनरेशन जो दिन भर एयर-फोन लगाकर कुछ न कुछ सुनते रहते हैं। इनकी भी सुनने की क्षमता कम हो रही है।

# चारा मार दवाई खाकर जान देने की कोशिश, अस्पताल में भर्ती

**हरदा।** रहटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम खमगांव में रहने वाले एक 25 वर्षीय युवक ने शनिवार सुबह चारा मार दवाई खाकर सुसाइड करने की कोशिश की। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। सुसाइड की कोशिश करने वाले खमगांव निवासी युवक सुनील पिता अशोक मंडराई ने बताया कि बीते आठ महीने पहले छनेरा तहसील के ग्राम रेवापुर में रहने वाली निशा बघेल के साथ हुआ था। सुनील ने बताया कि हम दोनों पति-पत्नी पीथमपुर में रहते थे। लेकिन एक दिसंबर को उसके ससुर तुलसीराम बघेल पीथमपुर आए और उन्हें बिना बताए पत्नी निशा को अपने साथ लेकर चले गए। जब वह अपनी पत्नी को ससुराल लेने पहुंचा तो ससुर ने गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट की। इसकी शिकायत पत्नी के साथ मारपीट करने की शिकायत छनेरा थाने में कर दी। इसके बाद उसे 15 दिसम्बर को छनेरा थाने में बयान के लिए बुलाया गया। इसके बाद उसने घर आकर शनिवार सुबह अपने घर आकर चारा मार दवाई का सेवन कर लिया। परिजनों उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए। जहां पुरुष वार्ड में उसका उपचार जारी है। युवक के छोटे भाई हरिओम ने बताया कि वह तीन भाई हैं जिनमें सुनील सबसे बड़ा भाई है जो अपनी पत्नी के साथ पीथमपुर में रहकर मेहनत मजदूरी करता है।

## रक्तदान शिविर आज

**हरदा।** ऑटो चालक यूनियन संघ जिला हरदा ने 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन नया बस स्टैंड प्रागण में किया जाएगा। इसमें लगभग 120 अधिक ऑटो चालक रक्त डोनेट करेंगे। यूनियन के अध्यक्ष ने मट्टू सोनी ने बताया कि इसके अलावा आम जन भी ब्लड डोनेट कर सकते हैं। यूनियन की तरफ से सभी सुविधा रहेगी। इस मौके पर आरटीओ भी मौजूद रहेंगे।

# बिजली आउटसोर्स कर्मचारी की करंट लगने से मौत, परिजनों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



जिले के बिस्टान विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र में काम के दौरान एक आउटसोर्स कर्मचारी की करंट लगने से मौत का मामला सामने आया है। इसकी जैसे ही परिजनों को जानकारी लगी तो जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों ने पीएम रूम में विरोध स्वरूप हंगामा किया। परिजनों का कहना था कि विभाग की लापरवाही से मौत हुई है, जिसके चलते मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और एक व्यक्ति को नौकरी दी जाए। मौके पर पहुंचे विभागीय अफसरों के सामने शव ले जाने से पहले मांगों पर सहमति का लिखित में भरोसा देने की मांग की।

जानकारी अनुसार भावसिंग विश्राम चौहान (43) अंजनगांव में बतौर आउटसोर्स कर्मचारी विद्युत कार्य कर रहे थे। दोपहर करीब 2 बजे अचानक बिजली सप्लाय शुरु होने से उन्हें करंट का जोरदार झटका लगा, उन्हें झुलसी हुई हालत में साथी कर्मचारी अस्पताल लाए, जहां उपचार के दौरान भावसिंग ने दम तोड़ दिया। मृतक के बेटे संजय, अजय और भाई नानुराम ने बताया कि शाम 4 बजे उन्हें सूचना दी कि भावसिंग को करंट लगने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, यहां पहुंचने पर मौत की जानकारी मिली। परिजनों का आरोप है कि काम के दौरान कोई सुरक्षा उपकरण भी नही दिए जाते।

अस्पताल पहुंचे बिस्टान सहायक यंत्री देवानंद मालवीया, खरगोन सहा. यंत्री एसके चौकड़े ने बताया भावसिंग अनुभवी कर्मचारी था, वह करीब 12 वर्ष से इस फिल्ड में था। काम के दौरान सप्लाय कैसे शुरु हुई, परमिट लिया या नहीं। इसकी जांच कराई जा रही है। हादसे की जानकारी लाईन इंस्पेक्टर श्रीकृष्ण वर्मा ने दी थी, जिसके बाद वे अस्पताल पहुंचे थे। यहां उपचार के दौरान भावसिंग की मौत हो गई। परिवार को उचित मुआवजा एवं एक सदस्य को नौकरी दिलाने का प्रयास करेंगे।

## भारत संकल्प यात्रा रथों को विधायक और जिपं अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**खरगोन।** केंद्र सरकार की महती योजनाओं, नीतियों को जनता तक पहुंचाना, वंचित लोगों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से देशभर में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा की जिले में शनिवार को समारोह पूर्वक शुरुआत हुई। शहर के उत्कृष्ट स्कूल मैदान से उक्त यात्रा के प्रचार- प्रसार रथ को विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर और कलेक्टर कर्मवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कई हितग्राहियों, लाभार्थियों को मंच से प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान नपाध्यक्ष छाया जोशी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य परसराम चौहान,एसपी धर्मवीर सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और हितग्राही मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान हमारा विकसित संकल्प भारत यात्रा की प्रतिज्ञा का संकल्प भी दिलाया गया। समारोह में विधायक ने कहा कि देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने इतनी विकास एवं कल्याणकारी योजनाएं बनाई, जिसका हर वर्ग लाभ ले रहा है। कलेक्टर ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य हितग्राहीमूलक योजनाओं को जनता तक पहुंचाना और बचे हुए लोगो को लाभांवित करना है।



## बाइक चालक के विरुद्ध जुर्माना लगाया

**झिरन्या।** कस्बे के कुछ मार्गों पर देर रात तक तेज रफ्तार से चलने वाले बाइकर्स की अब खैर नहीं है। ऐसे ही एक बाइकर के विरुद्ध पुलिस ने 1000 रुपए का जुर्माना वसूला है, जिसकी बुलेट मोटर साइकिल से पटाखे जैसी आवाज हो रही थी। बीट प्रभारी रमेश पवार ने शुक्रवार की रात एक ऐसी ही बुलेट मोटर साइकिल चालक के विरुद्ध कार्रवाई की है। जिसे तेज रफ्तार से चलाने पर पटाखे जैसी आवाज होती है और दुर्घटनाओं की संभावनाएं बनी रहती है। इस मामले में बाइकर राजू पिता भरतार निवासी खारवा के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई की गई है। जिसके अनुसार उसे बुलेट वाहन सहित थाने ले जाया गया। वहां तेज आवाज करने वाला साइलेंसर निकाल दिया है। उससे 1000 का जुर्माना वसूलकर उसे कड़ी चेतावनी दी गई है।

स्वयंसेवकों ने किए दंड प्रहार

# 1971 के युद्ध में भारतीय सेना के पराक्रम को किया प्रणाम



**खरगोन।** 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में 16 दिसंबर को मिली विजय को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रहार दिवस के रूप में मनाता है। इस दिन पूरे देश में संघ की सभी शाखाओं पर स्वयंसेवक दंड का प्रहार करते हैं। शनिवार जिले के हर नगर में संघ सदस्यों ने भी दंड प्रहार कर इस दिवस पर को प्रणाम किया। जिले के बड़वाह में शासकीय कालेज ग्राउंड पर सुबह 8 बजे से स्वयंसेवकों का एकत्र होने का सिलसिला शुरू हुआ। इसके बाद ध्वज प्रणाम कर कार्यक्रम शुरू किया गया। आयोजन में 62 स्वयंसेवकों ने करीब एक घंटे तक दंड प्रहार किए। इस दौरान जिला संघ चालक राजेन्द्र साद भी उपस्थित रहे। जिला संघ चालक ने कहा कि प्रहार दिवस का उद्देश्य युवाओं को संगठित, दृढ़ निश्चयी, शक्ति संपन्न और पुरुषार्थी बनाना है। इस दौरान संघ के बाल, तरुण, शिशु और प्रौढ़ स्वयंसेवक प्रहार लगाकर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को प्रणाम करते हैं। जिनके पराक्रम के चलते 1971 के भारत पाकिस्तान के युद्ध में करीब 92 हजार पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया था।इसी तरह कसरावद नगर के शासकीय कन्या हाई स्कूल ग्राउंड पर यहां के स्वयंसेवक के सदस्यों ने एकत्र होकर 11 हजार से अधिक दंड प्रहार किए।

## आपदा दल में शामिल जवान की तबियत बिगड़ी

**हरदा।** आपदा प्रबंधन के लिए डेमो देने जा रहे एसडीईआरएएफ के दल में शामिल एक सैनिक की बीच रास्ते में शनिवार सुबह तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उसके साथियों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सिविल सर्जन डॉ मनीष शर्मा ने सैनिक के स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसके बाद डॉक्टर की सलाह पर ईसीजी भी की गई। जानकारी के मुताबिक शनिवार को ग्राम सोनतलाई के सरकारी स्कूल के बच्चों को होमगार्ड और एसडीईआरएफ के जवानों ने आपदा प्रबंधन को लेकर डेमो देना था। इसको लेकर जवान शासकीय वाहन से जा रहे थे। इस दौरान बीच रास्ते मे सैनिक रूप सिंह मेहरा को घबराहट होने के साथ सीने में दर्द होने लगा। उसने अपने साथियों को बेचैनी और घबराहट होने के बारे में बताया। जिसके बाद सैनिक शैलेंद्र परमार और अन्य साथियों ने तुरंत अपने कार्यक्रम को निरस्त कर उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल लेकर आए हैं।

ट्रेन में घटित हुई थी इस तरह की एक घटना

# महिलाओं को फ्री सेनेटरी पैड मिले इसलिए नारी सम्मान में युवक ने शुरू की साइकिल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

कभी-कभी कुछ लोगों के साथ ऐसी घटनाएं घाट जाती हैं जो उन्हें सामाजिक कार्यों की और खींच ले जाती हैं, ताकि वो दूसरों की दुख तकलीफें दूर कर सकें। ऐसी एक घटना नर्मदापुरम के अमराई के गांव से प्रदेश भर के जिलों में नारी सम्मान में साइकिल यात्रा पर निकले सुरेंद्र बामने के साथ हुई। मुंबई से जब वह अपने घर होशंगाबाद जा रहे थे तो तब रेल में सफर के दौरान एक महिला को पीरियड्स आ गई। उस समय उसके पास सैनिटरी पैड नहीं थे ऐसे में महिला को दर्द में देखकर युवक ने अपनी बनियान उस महिला को दे दी। तभी सुरेंद्र ने लक्ष्य तय किया कि अब वह सरकार से महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड दिलाने के लिए संघर्ष करेगा।




### 500 किलोमीटर की साइकिल से सफर किया तय

नारी सम्मान के लिए प्रदेश के हर जिले में साइकिल से सफर पर निकले और लोगों में जागरूकता का संदेश लेकर आए नर्मदापुरम के सुरेंद्र बामने ने चर्चा में कहा कि मेरे साथ ट्रेन में इस तरह की एक घटना घटित हुई थी। उस दिन से मैंने लक्ष्य रखा था कि मैं मध्य प्रदेश की महिलाओं को सेनेटरी पैड सरकार से निशुल्क दिलाऊंगा।इसके लिए मैंने साइकिल यात्रा शुरू की है. मैं अभी चार जिलों का 500 किलोमीटर का सफर तय कर खरगोन जिला मुख्यालय पहुंचा हूं. अब पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिलों का भ्रमण कर मुख्यमंत्री निवास पहुंचूंगा। 6 दिसंबर से साइकिल यात्रा शुरू की है।मेरा लक्ष्य है 6 महीने में सीएम हाउस तक पहुंचाना तथा महिलाओं को सरकार की ओर से निशुल्क सेनेटरी पैड दिलवाना है।

### नारी शक्ति को भी जागरूकता का दे रहे संदेश

युवक नारी शक्ति को जागरूक भी कर रहा है, पीरियड्स टाइम आने पर सेनेटरी पैड का उपयोग करें, ना कि अन्य चीजों का इस्तेमाल करें। अन्य चीजों का इस्तेमाल करने से बीमारी फैल सकती है। युवक की मानें तो अनुभव अनुरूप प्रदेश की सभी महिलाओ को सेनेटरी पैड शासन द्वारा फ्री वितरित किए जाए। इसके लिए युवक ने नारी की इस पीड़ा को लेकर उसने मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा है।